प्रथम 10 मिनट में अभ्यर्थी अपनी प्रश्न-पुस्तिका के क्रमांक का मिलान ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक के क्रमांक से अवश्य कर लें। यदि ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक व प्रश्न-पुस्तिका के क्रमांक भिन्न हैं तो केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न-पुस्तिका बदल लें।

**Level : 2**
**TGT : For Classes VI to VIII**

# Exam. – 2022
# SANSKRIT

**Sub. Code No. : 804**

**प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं ओ०एम०आर० क्रमांक**
**Question-Booklet Serial No. & O. M. R. Serial No.**

अनुक्रमांक (अंकों में) : ☐☐☐☐☐☐☐
Roll No. (In Figures)

**SET : A**

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________
Roll No. (In Words)

परीक्षा केन्द्र का नाम : ____________________
Name of Examination Centre

अभ्यर्थी का नाम : ____________________ **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :** ____________________
Name of Candidate **Signature of Candidate**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या No. of Pages in this Question Booklet** | **32** | **प्रश्नों की संख्या No. of Questions** | **150** | **समय Time** | **2½ hours** |

**निरीक्षक के हस्ताक्षर (Signature of Invigilator) :** ____________________

अभ्यर्थी को 10 मिनट का समय प्रश्न-पुस्तिका पर छपे निर्देशों को पढ़ने तथा उत्तर पत्रक में अपने विवरण भरने के लिए दिया जाएगा। यदि प्रश्न-पुस्तिका व उत्तर पत्रक की क्रम संख्या गलत अंकित हों तो तुरन्त केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न-पुस्तिका बदल लें। इसके पश्चात् कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन 10 मिनटों के अतिरिक्त, प्रश्नों के उत्तर अंकित करने के लिए पूरे 2½ घंटे का समय दिया जाएगा। **यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न-पुस्तिका में दिए गए किसी भी प्रश्न में कोई त्रुटि होने का संदेह हो तो इसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त प्रतिवेदन देने के लिए अवसर दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित अवसर के दौरान इस सम्बन्ध में अपना प्रतिवेदन बोर्ड कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं। इस अवसर के बाद, इस सम्बन्ध में प्राप्त प्रतिवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

**यदि किसी प्रश्न में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में भिन्नता है तो अंग्रेजी माध्यम का प्रश्न ठीक माना जाएगा।**
**If there is any variance between Hindi and English Version of any question then English Version would be considered correct.**

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका पढ़ने को कहा जाए, तो उत्तर पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल काले बॉल प्वाइंट पैन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं प्रश्न-पुस्तिका में **150** प्रश्न हैं। **कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।**
3. अपने विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल **काले बॉल प्वाइंट पैन** का प्रयोग करें। अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका का उपयोग करने एवं उत्तर पत्रक को भरने में सावधानी बरतें।
4. प्रथम 10 मिनट में, यह भी सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक और उत्तर पत्रक क्रमांक एक ही हैं। अगर यह भिन्न हों तो अभ्यर्थी दूसरी प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक लेने के लिए पर्यवेक्षक को तुरन्त अवगत करवाएँ।
5. **लेवल-2 (कक्षा VI से VIII के लिए)**
   - भाग-I : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र (प्र० **1** से प्र० **30**)
   - भाग-II : भाषा : (प्र० **31** से प्र० **60**) (हिन्दी : 15 प्रश्न व अंग्रेजी : 15 प्रश्न)
   - भाग-III : सामान्य अध्ययन : (प्र० **61** से प्र० **90**) (मात्रात्मक योग्यता : 10 प्रश्न, तार्किक अभिक्षमता : 10 प्रश्न, सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान : 10 प्रश्न)
   - भाग-IV : संस्कृत (प्र० **91** से प्र० **150**)

## INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to read the Question Booklet, take out the OMR Answer Sheet and fill in the particulars carefully with black ball point pen only.
2. The test is of **two-and-half hours** duration and consists of **150** questions. **There is no negative marking**.
3. Use **Black Ball Point Pen** only for writing particulars on this page/darkening responses in the Answer Sheet. The candidate should remain careful in handling the question paper and in darkening the responses on the answer sheet.
4. Within first 10 minutes, also ensure that your Question Booklet Serial No. and Answer Sheet Serial No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Question Booklet and the Answer Sheet.
5. **Level–2 (For Classes VI to VIII)**
   - Part–I : Child Development and Pedagogy (Q. **1** to Q. **30**)
   - Part–II : Language : (Q. **31** to Q. **60**) (Hindi : 15 Q. & English : 15 Q.)
   - Part–III : General Studies : (Q. **61** to Q. **90**) (Quantitative Aptitude : 10 Q, Reasoning Ability : 10 Q, G. K. & Awareness : 10 Q)
   - Part–IV : Sanskrit (Q. **91** to Q. **150**)

**नोट : कृपया इस पुस्तिका के अन्त में दिए गए शेष निर्देशों को पढ़ें। (Please read other remaining instructions given on the last page of this booklet.)**

**रफ कार्य के लिए (FOR ROUGH WORK)**

## भाग – I (PART – I)

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र (CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*
***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**1.** अभिप्रेरणा के 'आवश्यकता अनुक्रम सिद्धांत' का प्रतिपादन किसने किया ?

[1] हल
[2] मैस्लो
[3] एटकिन्सन
[4] थॉमसन

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सी व्यक्तित्व आकलन की प्रक्षेपी विधि ***नहीं*** है ?

[1] शब्द-साहचर्य
[2] वाक्यपूर्ति
[3] वर्णन गति
[4] समाजमिति

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बाह्य अभिप्रेरक ***नहीं*** है ?

[1] ट्रॉफी के लिए खेल प्रतिस्पर्धा करना
[2] वेतन के लिए नौकरी करना
[3] आत्मसंतुष्टि हेतु समाजसेवा करना
[4] एक खरीदने पर एक मुफ्त पाना

**4.** प्रासंगिक अन्तर्बोध परीक्षण विद्यार्थियों के ..... मापन हेतु उपयोग में लाए जाते हैं।

[1] बुद्धि
[2] अभिक्षमता
[3] अभिवृत्ति
[4] व्यक्तित्व

**1.** Who propounded the 'Need Hierarchy Theory' of Motivation ?

[1] Hull
[2] Maslow
[3] Atkinson
[4] Thomson

**2.** Which of the following is ***not*** a projective technique of personality assessment ?

[1] Word-association
[2] Sentence completion
[3] Expressive movement
[4] Sociometry

**3.** Which of the following is ***not*** an extrinsic motive ?

[1] Competing in sport for trophy
[2] Doing job for salary
[3] Doing social service for self-satisfaction
[4] Buy one get one free

**4.** Thematic Apperception Test is used to measure the ……….. of students.

[1] Intelligence
[2] Aptitude
[3] Attitude
[4] Personality

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन समायोजन के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

[1] यह असंतुलन उत्पन्न करता है।

[2] यह परिस्थिति की माँगों के अनुरूप जीवन के तरीके को बदलने के लिए प्रेरित करता है।

[3] यह वातावरण की स्थितियों में वांछनीय परिवर्तन लाने की क्षमता देता है।

[4] समायोजन के अभाव में व्यक्ति तनाव और चिंता से घिरा रहता है।

**6.** पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार किस विकासात्मक अवस्था में 'पलटाव की क्षमता' विकसित होती है ?

[1] संवेदी-पेशीय

[2] पूर्व-संक्रियात्मक

[3] मूर्त-संक्रियात्मक

[4] औपचारिक-संक्रियात्मक

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा मिलान सही ***नहीं*** है ?

| | एरिक्सन के मनो-सामाजिक विकास की अवस्थाएँ | अवस्थाओं का क्रम |
|---|---|---|
| [1] | पहल बनाम अपराध बोध | - तीसरी अवस्था |
| [2] | पहचान बनाम भूमिका संभ्रांति | - पाँचवीं अवस्था |
| [3] | स्वायत्तता बनाम लज्जा एवं शंका | - पहली अवस्था |
| [4] | अध्यवसाय बनाम हीनता | - चौथी अवस्था |

**5.** Which of the following statement is ***not*** correct with reference to adjustment ?

[1] It creates imbalance.

[2] It motivates to change the life as per the demand of the situation.

[3] It gives ability to bring desirable changes in the conditions of environment.

[4] In the absence of adjustment one is surrounded by tension and anxiety.

**6.** According to Piaget's cognitive development theory, the 'ability of reversibility' develops during which developmental stage ?

[1] Sensory motor

[2] Pre-operational

[3] Concrete-operational

[4] Formal-operational

**7.** Which of the following match is ***not*** correct ?

| | Erikson's Stages of Psycho-social Development | Serial Number of Stages |
|---|---|---|
| [1] | Initiative Vs Guilt | - Stage 3 |
| [2] | Identity Vs Role Confusion | - Stage 5 |
| [3] | Autonomy Vs Shame and Doubt | - Stage 1 |
| [4] | Industry Vs Inferiority | - Stage 4 |

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व स्किनर के कार्यात्मक प्रतिबद्धता सिद्धांत से संबंधित ***नहीं*** है ?

[1] बहिर्गमन

[2] विभेदन

[3] स्वतः आपूर्ति

[4] पुनर्बलन

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अभिवृत्ति के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

[1] अभिवृत्ति में अभिप्रेरणात्मक-प्रभावोत्पादक विशेषता पाई जाती है।

[2] अभिवृत्ति पूर्णतः सकारात्मक से पूर्णतः नकारात्मक हो सकती है।

[3] अभिवृत्ति में व्यक्ति-वस्तु संबंध पाया जाता है।

[4] अभिवृत्ति जन्मजात एवं अर्जित दोनों होती है।

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बच्चों के विकास के बारे में ***सही*** है ?

[1] विकास मात्र आनुवंशिकता का एक उत्पाद है।

[2] विकास एक यादृच्छिक प्रारूप अनुसरण करता है।

[3] विकास एक संचयी प्रक्रिया है।

[4] विकास के विभिन्न आयाम अन्तर्संबंधित नहीं हैं।

**8.** Which of the following elements is ***not*** related to Skinner's operant conditioning theory ?

[1] Extinction

[2] Discrimination

[3] Spontaneous recovery

[4] Reinforcement

**9.** Which of the following statement is ***not*** correct with reference to Attitude ?

[1] Attitude has motivational-affective characteristics.

[2] Attitude can range strongly positive to strongly negative.

[3] Attitude have a subject-object relationship.

[4] Attitude is innate and acquired both.

**10.** Which of the following statement is ***correct*** about the development of children ?

[1] Development is a product of only hereditary.

[2] Development follows a random pattern.

[3] Development is a cumulative process.

[4] Different aspects of development are not interrelated.

**11.** कैटल का संस्कृति मुक्त बुद्धि परीक्षण, एक प्रकार है :

[1] वैयक्तिक शाब्दिक परीक्षण का

[2] सामूहिक शाब्दिक परीक्षण का

[3] अशाब्दिक परीक्षण का

[4] शाब्दिक एवं अशाब्दिक परीक्षण का

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सी सृजनात्मकता की विशेषता ***नहीं*** है ?

[1] मौलिकता [2] लोचशीलता

[3] अनम्यता [4] धाराप्रवाहिता

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित ***नहीं*** करता है ?

[1] शिक्षक का शिक्षण कौशल

[2] शिक्षक का मानसिक स्वास्थ्य

[3] शिक्षक का विषय ज्ञान

[4] शिक्षक का शारीरिक रूप

**14.** वृद्धि बच्चों में किस प्रकार के परिवर्तन लाती है ?

[1] संरचनात्मक

[2] प्रकार्यात्मक

[3] संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक दोनों

[4] इनमें से कोई नहीं

**15.** 'त्वरण' किस प्रकार के विशिष्ट बच्चों की शिक्षा के लिए एक महत्त्वपूर्ण योजना है ?

[1] प्रतिभाशाली

[2] धीमे अधिगमकर्ता

[3] अधिगम असमर्थ

[4] मंद बुद्धि

**11.** Cattell's culture free test of intelligence is a type of :

[1] Individual Verbal Test

[2] Group Verbal Test

[3] Non-Verbal Test

[4] Verbal and Non-Verbal Test

**12.** Which of the following is ***not*** a characteristic of creativity ?

[1] Originality [2] Flexibility

[3] Rigidity [4] Fluency

**13.** Which of the following factors does ***not*** affect the teaching-learning process ?

[1] Teaching skill of teacher

[2] Mental health of teacher

[3] Subject knowledge of teacher

[4] Physical appearance of teacher

**14.** What kind of changes does growth bring about in children ?

[1] Structural

[2] Functional

[3] Structural and functional both

[4] None of these

**15.** 'Acceleration' is an important plan for education of which type of special children ?

[1] Gifted

[2] Slow learner

[3] Learning disabled

[4] Mentally retarded

**16.** कार्यात्मक प्रतिबद्धता में अधिगमकर्ता की प्रत्येक सही अनुक्रिया को पुनर्बलित करना किस प्रकार की पुनर्बलन अनुसूची है ?

[1] निश्चित अंतराल

[2] परिवर्तनशील अंतराल

[3] निश्चित अनुपात

[4] सतत

**17.** 'विकास जो अनुदैर्घ्य अक्ष (सिर से पैर) की दिशा में आगे बढ़ता है', कहलाता है :

[1] सिफैलिक-कॉडल

[2] प्रॉक्सिमोडिस्टल

[3] सर्पिल

[4] वृत्तीय

**18.** एक प्रकार का बुद्धि परीक्षण जहाँ प्रश्न कठिनाई स्तर की दृष्टि से समान होते हैं, किन्तु समय तत्व को अधिक महत्त्व दिया जाता है :

[1] गति परीक्षण

[2] शक्ति परीक्षण

[3] शाब्दिक परीक्षण

[4] निष्पादन परीक्षण

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सी व्यक्तित्व आंकलन की व्यक्तिनिष्ठ विधि ***नहीं*** है ?

[1] साक्षात्कार

[2] अवलोकन

[3] आत्मकथा

[4] शब्द साहचर्य

**16.** What type of reinforcement schedule is to reinforce each correct response of the learner, in operant conditioning ?

[1] Fixed interval

[2] Variable interval

[3] Fixed ratio

[4] Continuous

**17.** 'Development proceeds in the direction of longitudinal axis (head to foot)', called :

[1] Cephalic-Caudal

[2] Proximodistal

[3] Spiral

[4] Circular

**18.** A type of intelligence test in which the questions are similar in difficulty level but more importance is given to the time element :

[1] Speed Test

[2] Power Test

[3] Verbal Test

[4] Performance Test

**19.** Which of the following is ***not*** a subjective method of personality assessment ?

[1] Interview

[2] Observation

[3] Autobiography

[4] Word Association

**20.** मीनल बुद्धि में औसत, सृजनात्मकता में निम्न एवं समायोजन में उच्च स्तरीय है। यह उदाहरण है :

[1] अन्तर्वैयक्तिक भिन्नताओं का

[2] अन्तःवैयक्तिक भिन्नताओं का

[3] अवलोकनीय भिन्नताओं का

[4] अपेक्षित भिन्नताओं का

**21.** ब्रूनर ने बालकों के संज्ञानात्मक विकास हेतु किस प्रकार के पाठ्यक्रम के अनुगमन का सुझाव दिया ?

[1] समावेशी पाठ्यक्रम

[2] विशिष्ट पाठ्यक्रम

[3] सर्पिल पाठ्यक्रम

[4] एकीकृत पाठ्यक्रम

**22.** विकास के सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत को किसने विकसित किया ?

[1] वायगोत्स्की

[2] एरिक्सन

[3] कोह्लबर्ग

[4] ब्रॉनफेनब्रेनर

**23.** वह मनोरचना क्या कहलाती है, जिसके द्वारा बालक अपने स्वयं के अहम् को किसी अन्य व्यक्ति के अनुरूप परिवर्तित करने का प्रयास करता है ?

[1] तादात्मीकरण

[2] युक्तिकरण

[3] मार्गान्तीकरण

[4] प्रक्षेपण

**20.** Meenal is average in intelligence, low in creativity and high level in adjustment. This is an example of :

[1] Inter Individual Differences

[2] Intra Individual Differences

[3] Observable Differences

[4] Expected Differences

**21.** Which type of curriculum did Bruner suggest to follow for the cognitive development of children ?

[1] Inclusive curriculum

[2] Special curriculum

[3] Spiral curriculum

[4] Integrated curriculum

**22.** Who developed the Socio-cultural theory of development ?

[1] Vygotsky

[2] Erikson

[3] Kohlberg

[4] Bronfenbrenner

**23.** What is the mechanism called, through which a child tries to change his own ego to that of someone else ?

[1] Identification

[2] Rationalization

[3] Sublimation

[4] Projection

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा घटक गिलफोर्ड के बुद्धि संरचना मॉडल का अंश ***नहीं*** है ?

[1] संक्रिया [2] संज्ञान

[3] विषयवस्तु [4] उत्पाद

**25.** बुद्धि के त्रितंत्रीय सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया ?

[1] गार्डनर [2] गिलफोर्ड

[3] स्टर्नबर्ग [4] वर्नन

**26.** ब्रॉनफेनब्रेनर के जैव-पारिस्थितिकी मॉडल सिद्धांत में 'परिवार एवं विद्यालय' किस पर्यावरणीय तंत्र के उदाहरण हैं ?

[1] मैक्रोसिस्टम

[2] माइक्रोसिस्टम

[3] एक्ज़ोसिस्टम

[4] क्रोमोसिस्टम

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही ***नहीं*** है ?

| **सिद्धांत प्रतिपादक** | | **सिद्धांत** |
|---|---|---|
| [1] पियाजे | – | संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत |
| [2] बंडुरा | – | सामाजिक अधिगम सिद्धांत |
| [3] एरिक्सन | – | मनोसामाजिक विकास सिद्धांत |
| [4] वायगोत्स्की | – | नैतिक विकास सिद्धांत |

**24.** Which of the following component is ***not*** the part of Guilford structure of Intellect model ?

[1] Operation [2] Cognition

[3] Content [4] Product

**25.** Who propounded the Triarchic theory of Intelligence ?

[1] Gardner [2] Guilford

[3] Sternberg [4] Vernan

**26.** 'Family and School' are the examples of which environmental system in Bronfenbrenner's Bio-ecological Model theory ?

[1] Macro system

[2] Micro system

[3] Exosystem

[4] Chromosystem

**27.** Which of the following pair is ***not*** correct ?

| **Theory Propounder** | | **Theory** |
|---|---|---|
| [1] Piaget | – | Cognitive Development Theory |
| [2] Bandura | – | Social Learning Theory |
| [3] Erikson | – | Psycho-socio Development Theory |
| [4] Vygotsky | – | Moral Development Theory |

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक समायोजित व्यक्ति की विशेषता ***नहीं*** है ?

[1] अपनी क्षमताओं एवं सीमाओं के बारे में जागरुकता

[2] स्वयं एवं दूसरों का सम्मान करना

[3] संतुलित आकांक्षाएँ

[4] व्यवहार में अनम्यता

**28.** Which of the following is ***not*** the characteristic of a well-adjusted person ?

[1] Awareness of his own potentials and limitations

[2] Respecting himself and others

[3] Balanced aspirations

[4] Rigidity in behaviour

**29.** "मानसिक स्वास्थ्य संपूर्ण व्यक्तित्व का पूर्ण और सामंजस्यपूर्ण कार्य है।" मानसिक स्वास्थ्य की यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई है ?

[1] मेनिंगर

[2] हैडफील्ड

[3] ड्रेवर

[4] वॉल्टिन

**29.** "Mental health is the full and harmonious functioning of the whole personality." This definition of mental health is given by whom ?

[1] Menninger

[2] Hadfield

[3] Drever

[4] Waltin

**30.** निम्नलिखित मनोवैज्ञानिकों में से कौन गेस्टाल्टवाद से संबंधित ***नहीं*** है ?

[1] कोहलर

[2] कोफ्का

[3] क्रेशमर

[4] वर्दीमर

**30.** Out of the following Psychologists, who is ***not*** related with Gestaltism ?

[1] Kohler

[2] Koffka

[3] Kretschmer

[4] Wertheimer

## भाग – II (PART – II)
## भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) [ LANGUAGES (HINDI & ENGLISH) ]
## हिन्दी (HINDI)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

**31.** क्रिया की दृष्टि से ***असंगत*** विकल्प चुनिए :

[1] रमेश पत्र लिखवाता है - प्रेरणार्थक क्रिया

[2] बालक छत पर खड़ा है - अकर्मक क्रिया

[3] अध्यापक बालक को हिंदी पढ़ा रहा है - द्विकर्मक क्रिया

[4] प्रणीता ज़ोर-ज़ोर-से हँस रही है - सकर्मक क्रिया

**32.** उच्चारण की दृष्टि से 'ग' व्यंजन की ध्वनिगत विशेषताएँ हैं :

[1] कंठ्य, अघोष, महाप्राण

[2] कंठ्य, सघोष, महाप्राण

[3] कंठ्य, सघोष, अल्पप्राण

[4] कंठ्य, अघोष, अल्पप्राण

**33.** 'साध्वाचरण' शब्द का सही संधि-विच्छेद है :

[1] साध्व + आचरण

[2] साध + आचरण

[3] साधू + आचरण

[4] साधु + आचरण

**34.** वचन की दृष्टि से कौन-सा युग्म ***सही*** है ?

[1] दर्शन - दर्शनों

[2] प्राण - प्राणों

[3] नारी - नारियों

[4] हस्ताक्षर - हस्ताक्षरों

**35.** "यह आपका माहात्म्य है।" वाक्य में प्रयुक्त 'माहात्म्य' शब्द में कौन-सी संज्ञा है ?

[1] जातिवाचक

[2] भाववाचक

[3] समूहवाचक

[4] व्यक्तिवाचक

**36.** 'जाह्नवी' शब्द का पर्याय है :

[1] मंदाकिनी

[2] कुमुदनी

[3] पथगामिनी

[4] नलनी

**37.** विलोम की दृष्टि से ***असंगत*** विकल्प चुनिए :

[1] ग्रस्त - मुक्त

[2] व्यष्टि - समष्टि

[3] आविर्भाव - तिरोभूत

[4] अर्वाचीन - प्राचीन

**38.** 'गिरीश' शब्द में कौन-सी संधि है ?

[1] दीर्घ स्वर संधि

[2] गुण स्वर संधि

[3] यण् स्वर संधि

[4] व्यंजन संधि

**39.** 'जिज्ञासा' का सटीक समानार्थी है :

[1] उत्कंठा

[2] ज्ञानेप्सा

[3] वांछा

[4] इच्छा

**40.** किस विकल्प में परिमाणवाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है ?

[1] प्रणव पाँच किलो दूध पी गया।

[2] प्रणव पाँच केले खा गया।

[3] प्रणव पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है।

[4] प्रणव के साथ कुछ बच्चे खेल रहे हैं।

**41.** "सामने जो बड़ा-सा घर दिखाई दे रहा है, वह मेरा है।" वाक्य में किस सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?

[1] पुरुषवाचक

[2] निजवाचक

[3] निश्चयवाचक

[4] अनिश्चयवाचक

**42.** किस विकल्प में भाववाचक तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?

[1] बुलावा

[2] चचेरा

[3] सौजन्य

[4] लखेरा

**43.** 'सरसिज' शब्द में कौन-सा समास है ?

[1] कर्मधारय समास

[2] द्वन्द्व समास

[3] अव्ययीभाव समास

[4] अलुक् तत्पुरुष समास

**44.** किस शब्द में 'अन्' उपसर्ग का प्रयोग ***नहीं*** हुआ है ?

[1] अनुत्तर

[2] अनुपम

[3] अनुद्धार

[4] अनुगमन

**45.** विसर्ग ध्वनि का प्रयोग किन शब्दों में होता है ?

[1] तत्सम शब्दों में

[2] देशज शब्दों में

[3] तद्भव शब्दों में

[4] उपर्युक्त सभी शब्दों में

## अंग्रेजी (ENGLISH)

***Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**46.** Select the appropriate one word substitution for the following :

Former students of a school or college

[1] Emblem [2] Alumni

[3] Expert [4] Incharge

**47.** Change the Narration :

"I'm taking the children to the zoo tomorrow." She said.

[1] She told that she would be taking the children to the zoo the day after

[2] She said that she will take the children to the zoo the next day

[3] She told that she will be taking the children to the zoo

[4] She will take the children to the zoo, she said

**48.** Choose the ***correct*** synonym of :

Genius

[1] Happy

[2] Cheerful

[3] Talented

[4] Comfort

**49.** Select the appropriate preposition for the blank :

He has not yet recovered ………. his illness.

[1] over [2] in

[3] at [4] from

**50.** Choose the option that brings out the meaning of the underline idiom :

<u>A lion's share</u> of India's annual budget is for defence.

[1] major share

[2] minor amount

[3] small

[4] very little

**51.** Select the ***correct*** antonym of :

Gloomy

[1] Praise [2] Coarse

[3] Cheerful [4] Dismal

**52.** Choose the appropriate conjunction for the blank :

I shall not go ………. I am invited.

[1] and [2] unless

[3] but [4] there

**53.** Change the narration to Reported Speech. Choose the ***right*** option :

"Who has been using my typewriter ?" Said Mother.

[1] Mother asked who has been using her typewriter

[2] Mother said who was using her typewriter

[3] Mother asked who had been using her typewriter

[4] Mother asked her typewriter was being used by who

**54.** Select the ***correct*** meaning of the underlined phrasal verb :

Who can say what will turn up next ?

[1] remember

[2] divide

[3] end

[4] happen

**55.** Choose the part of sentence that has error :

she does not / resemble to / either of / her parents
A / B / C / D

[1] A [2] B

[3] C [4] D

**56.** Select the ***correct*** tense form from the options given :

When I first (come) to this house, it (be) a very quiet area :

[1] comes, is

[2] came, was

[3] coming, is

[4] come, are

**57.** Select the ***correct*** tense form from the options given :

Peter (try) to come in quietly but his mother (hear) him.

[1] tried, heard

[2] trying, hears

[3] was trying, was hearing

[4] is trying, hears

**58.** Change the voice from Active to Passive and select the ***correct*** option :

Bees make honey

[1] Honey is make by bees

[2] Bees are making honey

[3] Honey are made by bees

[4] Honey is made by bees

**59.** Change the voice and select the ***correct*** option :

Somebody has put out the light.

[1] The light has put out by somebody

[2] The light has been put out by somebody

[3] Somebody has been out to put light

[4] The light is being put out by somebody

**60.** Select the ***correct*** preposition for the blank :

I shall do it ……… pleasure.

[1] in

[2] with

[3] about

[4] over

## भाग – III (PART – III)

## सामान्य अध्ययन (GENERAL STUDIES)

## मात्रात्मक योग्यता, तार्किक अभिक्षमता तथा सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान (QUANTITATIVE APTITUDE, REASONING ABILITY AND G.K. & AWARENESS)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**61.** जिस प्रकार पृथ्वी का सम्बन्ध अक्ष से है उसी प्रकार पहिये का सम्बन्ध होगा :

[1] टायर से

[2] कार से

[3] सड़क से

[4] धुरी से

**62.** अनिल ने प्रशान्त का परिचय कराते हुए कहा "वह मेरे पिता के पिता की पोती का पति है"। प्रशान्त अनिल से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

[1] भाई

[2] जीजा

[3] भतीजा

[4] पुत्र

**63.** अक्षरों के चार समूह नीचे दिये जा रहे हैं उनमें से तीन किसी नियम से एक जैसे हैं। एक इनसे अलग है, उस ***विसंगत*** को छाँटिए :

[1] STUA

[2] RQPA

[3] MLKA

[4] HGFA

**61.** Earth is related to Axis in the same way as wheel is related to :

[1] Tyre

[2] Car

[3] Road

[4] Hub

**62.** Anil introduces Prashant, "He is the husband of the grand daughter of the father of my father". How is Prashant related to Anil ?

[1] Brother

[2] Brother in law

[3] Nephew

[4] Son

**63.** Four groups of letters are given below, three of them are alike in certain way while one is different, choose the ***odd*** one :

[1] STUA

[2] RQPA

[3] MLKA

[4] HGFA

**64.** निम्न वर्ग शृंखला का अगला पद ज्ञात कीजिए :

LXF, MTJ, NPN, OLR, ……..

[1] PHV

[2] PIU

[3] PJW

[4] PKX

**65.** किसी निश्चित कूट में '786' का अर्थ 'Study very hard', '958' का अर्थ 'Hard work pays', '645' का अर्थ 'Study and work', तो 'very' का कोड क्या होगा ?

[1] 8

[2] 6

[3] 7

[4] 5

**66.** यदि A, B से 40 मीटर दक्षिण-पश्चिम में हो, C, B से 40 मीटर दक्षिण-पूर्व में हो, तो C, A से किस दिशा में होगा ?

[1] पूर्व

[2] पश्चिम

[3] उत्तर-पूर्व

[4] दक्षिण

**64.** Find the next term in the following letter series :

LXF, MTJ, NPN, OLR, ……..

[1] PHV

[2] PIU

[3] PJW

[4] PKX

**65.** In a certain code '786' means 'Study very hard', '958' means 'Hard work pays', '645' means 'Study and work', which is the code for 'very' ?

[1] 8

[2] 6

[3] 7

[4] 5

**66.** If A is 40 meter South-West of B, C is 40 meter South-East of B, then C is in which direction of A ?

[1] East

[2] West

[3] North-East

[4] South

**67.** 150 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त औसत अंक 35 थे। यदि इनमें से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का औसत प्राप्तांक 39 हो तथा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का औसत प्राप्तांक 15 हो, तो परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात कीजिए :

[1] 120 [2] 125

[3] 135 [4] 140

**68.** यदि $a^x = b, b^y = c$ और $c^z = a$ , तो $xyz$ का मान क्या होगा ?

[1] $abc$ [2] 1

[3] $\frac{1}{abc}$ [4] $ab$

**69.** वह छोटी से छोटी पूर्ण वर्ग संख्या ज्ञात कीजिए जो 4, 5, 6, 15 तथा 18 से पूर्णतः विभाजित हो :

[1] 800 [2] 225

[3] 900 [4] 361

**70.** $\left(\sqrt{5}\right)^{-5/2} \times \left(\sqrt{5}\right)^{-3/2}$ का मान क्या होगा ?

[1] $\frac{1}{25}$

[2] $\frac{1}{125}$

[3] $\frac{1}{325}$

[4] $\frac{1}{625}$

**67.** The average marks obtained by 150 candidates was 35. If the average marks of passed candidates was 39 and that of the failed candidate was 15, find the number of candidates who passed the examination :

[1] 120 [2] 125

[3] 135 [4] 140

**68.** If $a^x = b, b^y = c$ and $c^z = a$ , then what is the value of $xyz$ ?

[1] $abc$ [2] 1

[3] $\frac{1}{abc}$ [4] $ab$

**69.** Find the smallest perfect square number which is exactly divisible by 4, 5, 6, 15 and 18 :

[1] 800 [2] 225

[3] 900 [4] 361

**70.** What is the value of $\left(\sqrt{5}\right)^{-5/2} \times \left(\sqrt{5}\right)^{-3/2}$ ?

[1] $\frac{1}{25}$

[2] $\frac{1}{125}$

[3] $\frac{1}{325}$

[4] $\frac{1}{625}$

**71.** कोई धन चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 15 वर्ष में दुगुना हो जाता है, तो कितने वर्षों में यह उसी ब्याज की दर से 8 गुना हो जायेगा ?

[1] 30 वर्ष

[2] 40 वर्ष

[3] 60 वर्ष

[4] 45 वर्ष

**72.** यदि 25 आदमी किसी फसल को 60 दिनों में काट सकते हैं, तो 10 आदमी उसी फसल को कितने दिनों में काट सकेंगे ?

[1] 125 दिन

[2] 92 दिन

[3] 100 दिन

[4] 150 दिन

**73.** यदि $x+\frac{1}{x}=5$ हो, तो $x^3+\frac{1}{x^3}$ का मान क्या होगा ?

[1] 125 [2] 110

[3] 115 [4] 105

**74.** निम्न अंक शृंखला का अगला पद क्या होगा ?

2, 7, 24, 77, 238, ……..

[1] 721 [2] 722

[3] 723 [4] 733

**71.** A sum of money doubles itself in 15 years at compound interest. In how many years it will become 8 times at the same compound interest rate ?

[1] 30 years

[2] 40 years

[3] 60 years

[4] 45 years

**72.** If 25 men can reap a crop in 60 days, then in how many days will 10 men reap the crop ?

[1] 125 days

[2] 92 days

[3] 100 days

[4] 150 days

**73.** If $x+\frac{1}{x}=5$, then what is the value of $x^3+\frac{1}{x^3}$ ?

[1] 125 [2] 110

[3] 115 [4] 105

**74.** Find the next term in the following number series :

2, 7, 24, 77, 238, ……..

[1] 721 [2] 722

[3] 723 [4] 733

**75.** $\sqrt{8+2\sqrt{8+2\sqrt{8+........}}}$ का मान ज्ञात कीजिए :

[1] 8    [2] 10

[3] 11    [4] 4

**76.** यदि वर्ग की प्रत्येक भुजा में 50% की वृद्धि हो जाये, तो इसके क्षेत्रफल की प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए :

[1] 50%

[2] 100%

[3] 125%

[4] 150%

**77.** यदि – का अर्थ ×, + का अर्थ ÷, ÷ का अर्थ +, × का अर्थ – है, तो 15 – 5 ÷ 5 × 20 + 10 का मान क्या होगा ?

[1] 70

[2] 78

[3] 75

[4] 73

**78.** किसी वस्तु को 72,000 रुपये में बेचने पर किसी व्यक्ति को 20% का लाभ होता है, तो उस वस्तु का क्रय मूल्य क्या था ?

[1] 60,000 रु०

[2] 50,000 रु०

[3] 40,000 रु०

[4] 65,000 रु०

**75.** Find the value of :

$$\sqrt{8+2\sqrt{8+2\sqrt{8+........}}}$$

[1] 8    [2] 10

[3] 11    [4] 4

**76.** If each side of the square be increased by 50%, then find the percentage increase in the area :

[1] 50%

[2] 100%

[3] 125%

[4] 150%

**77.** If × stands for –, ÷ stands for +, + stands for ÷, – stands for ×, then what is the value of 15 – 5 ÷ 5 × 20 + 10 ?

[1] 70

[2] 78

[3] 75

[4] 73

**78.** By selling a commodity for Rs. 72,000, a person made a profit of 20%. What was the cost price of that commodity ?

[1] Rs. 60,000

[2] Rs. 50,000

[3] Rs. 40,000

[4] Rs. 65,000

**79.** निम्न श्रृंखला में कौन-सा पद ***गलत*** है ?

8, 13, 21, 32, 47, 63, 83

[1] 13

[2] 32

[3] 47

[4] 63

**80.** एक ठोस घन सभी पृष्ठों पर लाल रंग से रंगा गया है। अब इसे 64 छोटे घनों में काटा जाता है, ऐसे कितने छोटे घन होंगे जिनका कोई पृष्ठ रंगा हुआ नहीं हो ?

[1] 24

[2] 16

[3] 8

[4] 4

**81.** वह स्थान, जिसका चीनी यात्री युआन च्वांग ने भ्रमण और उल्लेख किया है :

[1] अग्रोहा

[2] सुग

[3] कुरुक्षेत्र

[4] पानीपत

**82.** वह जिला, जहाँ डोलोमाइट पाया जाता है :

[1] महेन्द्रगढ़

[2] गुरुग्राम

[3] फरीदाबाद

[4] पानीपत

**79.** Which term is ***wrong*** in the following series ?

8, 13, 21, 32, 47, 63, 83

[1] 13

[2] 32

[3] 47

[4] 63

**80.** A solid cube is coloured red on all faces. It is cut into 64 smaller cubes of equal size. How many small cubes have no face coloured ?

[1] 24

[2] 16

[3] 8

[4] 4

**81.** The place, which was visited and mentioned by Chinese traveller Yuan Chwang :

[1] Agroha

[2] Sugh

[3] Kurukshetra

[4] Panipat

**82.** The district, where Dolomite is found :

[1] Mahendragarh

[2] Gurugram

[3] Faridabad

[4] Panipat

**83.** हरियाणा सरकार की किस योजना के तहत हरियाणा के समस्त परिवारों का सामाजिक-आर्थिक डेटा तैयार किया जा रहा है ?

[1] अंत्योदय परिवार उत्थान योजना

[2] परिवार पहचान पत्र योजना

[3] मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना

[4] जन आधार योजना

**84.** हरियाणा के पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षित की गई सीटों का प्रतिशत है :

[1] 25% [2] 33%

[3] 66% [4] 50%

**85.** वह जिला, जहाँ पहली बार हरियाणा में ई-चालान लागू किया गया है :

[1] गुरुग्राम [2] पंचकुला

[3] हिसार [4] रोहतक

**86.** 'ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट' विकसित किया जा रहा है :

[1] एच० एस० आई० आई० डी० सी०, हरियाणा सरकार द्वारा

[2] जी० एम० डी० ए०, हरियाणा सरकार द्वारा

[3] एच० यू० डी० ए०, हरियाणा सरकार द्वारा

[4] शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा

**83.** Under which scheme of Haryana Government the socio-economic data of all the families of Haryana is being created ?

[1] Antyoday Parivar Utthan Yojna

[2] Parivar Pehchan Patra Yojna

[3] Mukhyamantri Parivar Samriddhi Yojna

[4] Jan Aadhar Yojna

**84.** Percentage of posts which have been reserved for women in Panchayati Raj Institutions of Haryana :

[1] 25% [2] 33%

[3] 66% [4] 50%

**85.** The district, where first time in Haryana E-challan has been introduced :

[1] Gurugram [2] Panchkula

[3] Hisar [4] Rohtak

**86.** 'Global City Project' is being developed by :

[1] HSIIDC, Govt. of Haryana

[2] GMDA, Govt. of Haryana

[3] HUDA, Govt. of Haryana

[4] Ministry of Urban Development, Govt. of India

**87.** वह अवार्ड, जोकि प्रशिक्षण में उत्कृष्टता हेतु हरियाणा राज्य द्वारा खेल प्रशिक्षक को दिया जाता है :

[1] द्रोणाचार्य अवार्ड

[2] गुरु वशिष्ठ अवार्ड

[3] महाराणा प्रताप अवार्ड

[4] अर्जुन अवार्ड

**88.** क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा का भारत में स्थान है :

[1] 11वाँ

[2] 21वाँ

[3] 15वाँ

[4] 18वाँ

**89.** क्षेत्रफल की दृष्टि से लघुतम वन्य जीव अभयारण्य है :

[1] भिण्डावास

[2] नाहर

[3] सरस्वती

[4] छिलछिला

**90.** हरियाणा में राज्य प्रशासन के विधितः प्रमुख हैं :

[1] राज्य के मुख्यमंत्री

[2] सम्भागीय आयुक्त

[3] राज्य के महाधिवक्ता

[4] राज्य के राज्यपाल

**87.** The award, which is given to a sport coach for excellence in coaching by the Haryana State :

[1] Dronacharya award

[2] Guru Vashistha award

[3] Maharana Pratap award

[4] Arjuna award

**88.** The position of Haryana in India in respect of area is :

[1] 11th

[2] 21st

[3] 15th

[4] 18th

**89.** The smallest (in term of area) wild life sanctuary is :

[1] Bhindawas

[2] Nahar

[3] Saraswati

[4] Chhilchhila

**90.** The de jure head of the State Administration in Haryana is :

[1] Chief Minister of the State

[2] Divisional Commissioner

[3] Advocate General of the State

[4] Governor of the State

## भाग – IV (PART – IV)

## संस्कृत (SANSKRIT)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

**91.** ''द्वयोः रात्र्योः समाहारः'' इत्यस्य कृते समस्तपदं भविष्यति ?

[1] द्विरात्रम्

[2] द्विरात्रः

[3] द्विरात्रिः

[4] द्विरात्री

**92.** संहिता कुत्र नित्या न भवति ?

[1] धातूपसर्गयोः कार्ये

[2] वाक्ये

[3] समासे

[4] एकपदे

**93.** 'वररुचिः' इति कस्य अपरं नाम ?

[1] यास्कस्य

[2] कात्यायनस्य

[3] पतञ्जलेः

[4] पाणिनिनः

**94.** मक्षिकाणाम् अभावः – इति विग्रहे कृते समस्तपदं किम् ?

[1] निर्मक्षिकम्

[2] निष्मक्षिकम्

[3] निर्गतमक्षिकम्

[4] निर्मक्षिका

**95.** ''चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि'' उक्तिरियमस्ति –

[1] मम्मटस्य

[2] विश्वनाथस्य

[3] दण्डिनः

[4] कुन्तकस्य

**96.** वेदपुरुषस्य विविधावयवानां वेदाङ्गत्वेन वर्णने समुचितमस्ति –

[1] छन्दः – हस्तौ

[2] निरुक्तम् – चक्षुः

[3] शिक्षा – घ्राणम्

[4] कल्पः – श्रोत्रम्

**97.** कादयो मावसानाः के ?

[1] परार्थाभिधानाः

[2] पदार्थाभिधानाः

[3] स्पर्शाः

[4] विश्लिष्टस्पृष्टाः

**98.** 'अस्मद्' शब्दस्य चतुर्थ्याः रूपं नास्ति –

[1] मा

[2] मे

[3] नौ

[4] नः

**99.** पतत् + अञ्जलिः = पतञ्जलिः अत्र कः सन्धिः ?

[1] परसवर्णसन्धिः

[2] पूर्वरूपसन्धिः

[3] पररूपसन्धिः

[4] अनुनासिकसन्धिः

**100.** 'कुण्ठितः' अस्मिन् पदे सन्धिविधायकं सूत्रं वर्तते –

[1] अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः

[2] मोऽनुस्वारः

[3] नश्चापदान्तस्य झलि

[4] नश्च

**101.** पताका-प्रकरी-भेदात् द्विधा भवति –

[1] प्राकरणिकम्

[2] प्रासङ्गिकम्

[3] प्राधानिकम्

[4] कथानकम्

**102.** भू-धातोः लिङि रूपं नास्ति –

[1] भवेयम्

[2] भवेयुः

[3] भवेन्

[4] भवेत्

**103.** "शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने" इत्यस्यां पंक्तौ किं छन्दः ?

[1] मन्दाक्रान्ता

[2] शिखरिणी

[3] शार्दूलविक्रीडितम्

[4] स्रग्धरा

**104.** "सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च।

वंशानुचरितञ्चैव ………….. ।।"

श्लोकेऽत्र कस्य लक्षणं प्रतिपादितम् ?

[1] पुराणस्य

[2] उपनिषदः

[3] ब्रह्मसूत्रस्य

[4] महाकाव्यस्य

**105.** 'अहर्गणः' अस्य शब्दस्य सिद्धिर्भवति ?

[1] अतो रोरप्लुतादप्लुते

[2] ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः

[3] रोऽसुपि

[4] रषाभ्यां नो णः समानपदे

**106.** द्रुतविलम्बितच्छन्दसि प्रतिचरणं कति वर्णाः भवन्ति ?

[1] एकादश

[2] द्वादश

[3] चतुर्दश

[4] षोडश

**107.** 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' इयं पंक्तिरुद्धृता –

[1] अथर्ववेदस्य 12/11 तः

[2] अथर्ववेदस्य 12/1 तः

[3] अथर्ववेदस्य 12/21 तः

[4] अथर्ववेदस्य 12/31 तः

**108.** 'सखि' शब्दस्य षष्ठ्येकवचने किं रूपम् स्यात् ?

[1] सखेः [2] सख्युः

[3] सख्याः [4] सखायाः

**109.** 'पुनर् + रमते' – इत्यत्र सन्धियुक्तं पदं स्यात् –

[1] पुनः रमते

[2] पुना रमते

[3] पुनो रमते

[4] पुनररमते

**110.** 'लभ्यम्' इति पदे प्रकृतिप्रत्ययौ स्तः –

[1] लभ् + क्यप्

[2] लभ् + यत्

[3] लभ् + ल्यप्

[4] लभ् + ण्यत्

**111.** विसर्गस्योच्चारणस्थानं वर्तते –

[1] ओष्ठौ

[2] मूर्धा

[3] कण्ठः

[4] तालुः

**112.** 'सहयुक्तेऽप्रधाने' इति सूत्रेण तृतीया विभक्तिः भवति –

[1] 'सह' इति पदे

[2] अप्रधाने

[3] प्रधाने

[4] 'सहयुक्त' इति पदे

**113.** 'भवन्ति भव्येषु हि पक्षपाताः' उक्तिरियं कस्य कवेः अस्ति ?

[1] कालिदासस्य

[2] माघस्य

[3] भासस्य

[4] भारवेः

**114.** 'पाषाणहृदयः' इत्यस्य समस्तपदस्य विग्रहः भविष्यति –

[1] पाषाणवत् हृदय यस्या सा

[2] पाषाणवत् हृदयं यस्य सः

[3] पाषाण एव हृदयम्

[4] पाषाण एव हृदयं यस्य

**115.** 'जगति' शब्दरूपं वर्तते –

[1] पञ्चमी एकवचनस्य

[2] सप्तमी एकवचनस्य

[3] चतुर्थी एकवचनस्य

[4] षष्ठी द्विवचनस्य

**116.** मुक्तिकोपनिषदनुसारं कति उपनिषदः ?

[1] 10

[2] 101

[3] 108

[4] 1008

**117.** "भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्गमैः,
नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः,
स्वभाव एवैष ............।।"
श्लोकेऽस्मिन् केषां स्वभावो वर्णितः ?

[1] विद्यार्थिनाम्

[2] सत्पुरुषाणाम्

[3] परोपकारिणाम्

[4] वीरपुरुषाणाम्

**118.** 'राज्ञः समीपम्' – इति विग्रहे समस्तपदं किम् ?

[1] उपराजन्

[2] उपराज

[3] उपराजानाम्

[4] उपराजम्

**119.** देवर्षि-कलानाथशास्त्रिणः रचना नास्ति –

[1] जीवनस्य पृष्ठचतुष्टयम्

[2] कथानकवल्ली

[3] विद्वज्जनचरितामृतम्

[4] संस्कृतनाट्यवल्लरी

**120.** 'रसो मुख्यतया अनुकार्ये रामादावेव भवति' मतमिदं कस्य ?

[1] भट्टलोल्लटस्य

[2] शङ्कुकस्य

[3] भट्टनायकस्य

[4] अभिनवगुप्तस्य

**121.** लिह् + तुमुन् योगेन पदं स्यात् –

[1] लिहितुम्

[2] लेढुम्

[3] लोहितुम्

[4] लेहितुम्

**122.** 'सभी नदियों को नमस्कार करता हूँ।' वाक्यस्य समुचितः संस्कृतानुवादोऽस्ति –

[1] सर्वाभ्यः नदीभ्यः नमः।

[2] सर्वाः नदीः नमस्करोमि।

[3] सर्वाः नद्यः नमामि।

[4] सर्वां नदीं नमामि।

**123.** 'शेमुषी' इत्यस्य समुचितोऽर्थोऽस्ति –

[1] सरित्

[2] वाग्वर्धिनी

[3] बुद्धिः

[4] धृतिः

**124.** छिद् धातोः 'क्त' प्रत्यये सति किं रूपम् स्यात् ?

[1] छिदितः

[2] छिदः

[3] छित्तः

[4] छिन्नः

**125.** कस्य व्यवधाने सति नकारस्य णकारो न भवति ?

[1] कवर्गस्य

[2] पवर्गस्य

[3] चवर्गस्य

[4] 'अट्' वर्णानाम्

**126.** "क्षीणः क्षीणोऽपि शशी भूयो भूयोऽभिवर्धते सत्यम्।

विरम प्रसीद सुन्दरि यौवनमनिवर्ति यातं तु।।"

अत्र कोऽलङ्कारः ?

[1] आक्षेपः

[2] अपह्नुतिः

[3] व्यतिरेकः

[4] विरोधः

**127.** 'सेव्' धातोः लङ्लकारे प्रथमपुरुषैकवचने रूपम् –

[1] असेव्यत्

[2] असेव्यत

[3] असेवेत

[4] असेवत

**128.** ग्रह् धातोः क्त प्रत्यये सति किं रूपं स्यात् ?

[1] गृहीतम्

[2] ग्रहीतम्

[3] ग्रहितम्

[4] गृहितम्

**129.** 'वारि' शब्दस्य रूपेषु असङ्गतं विकल्पं चिनुत –

[1] द्वितीया – द्विवचने – वारिणी

[2] प्रथमा – बहुवचने – वारीणि

[3] सप्तम्यैकवचने – वारिणे

[4] षष्ठ्यैकवचने – वारिणः

**130.** "उदिते ………….. कमलं विकसति।" उचितपदेन रिक्तस्थानं पूरयत –

[1] सविते

[2] सवितरि

[3] सवितरे

[4] सवितायाम्

**131.** अव्ययपदं विकारं प्राप्नोति –

[1] विभक्तिषु

[2] वचनेषु

[3] लिङ्गेषु

[4] न कुत्रापि

**132.** भिन्नवर्गीयं पदं चिनुत –

[1] अधिरोढुम्

[2] हन्तुम्

[3] सेतुम्

[4] निर्मातुम्

**133.** दशकुमारचरितेन सम्बद्धं नास्ति –

[1] राजवाहनचरितम्

[2] विश्रुतचरितम्

[3] सोमदत्तचरितम्

[4] कुसुमोद्भवचरितम्

**134.** "न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनिताननम्।" उक्तिरियमस्ति –

[1] वामनस्य

[2] जयदेवस्य

[3] कुन्तकस्य

[4] भामहस्य

**135.** आर्या-छन्दसः सन्दर्भे समुचितं कथनमस्ति –

[1] प्रथमे चरणे चतुर्दश मात्राः भवन्ति।

[2] तृतीये चरणे अष्टादश मात्राः भवन्ति।

[3] चतुर्थे चरणे पञ्चदश मात्राः भवन्ति।

[4] द्वितीये चतुर्थे च मात्राणां गणना समाना भवति।

**136.** कालक्रमानुसारम् एतेषु कः सर्वप्रथमम् आसीत् ?

[1] भट्टमथुरानाथ शास्त्री

[2] पं० पद्म शास्त्री

[3] डॉ० प्रभाकर शास्त्री

[4] देवर्षि कलानाथ शास्त्री

**137.** 'आरुणि-श्वेतकेतुसंवादः' कस्यामुपनिषदि वर्तते ?

[1] प्रश्नोपनिषदि

[2] तैत्तिरीयोपनिषदि

[3] छान्दोग्योपनिषदि

[4] मैत्रायण्युपनिषदि

**138.** संस्कृतसाहित्ये विदूषकरहितं नाटकं वर्तते –

[1] मुद्राराक्षसम्

[2] मालतीमाधवम्

[3] मालविकाग्निमित्रम्

[4] अभिज्ञानशाकुन्तलम्

**139.** एषु सार्वधातुकप्रत्ययो वर्तते –

[1] तव्यत्

[2] तुमुन्

[3] क्त्वा

[4] शानच्

**140.** आस्-धातोः शानचि पुंसि रूपम् स्यात् –

[1] आसनः

[2] आसमानः

[3] आसानः

[4] आसीनः

**141.** 'वृकभीतिः' इत्यत्र कः समासः ?

[1] तृतीयातत्पुरुषः

[2] पंचमीतत्पुरुषः

[3] षष्ठीतत्पुरुषः

[4] चतुर्थीतत्पुरुषः

**142.** "त्वम्, आवां महिमा च मन्दिरं .....।"

वाक्ये उचितं क्रियापदं लिखत –

[1] गच्छेम

[2] गच्छेयुः

[3] गच्छेत

[4] गच्छेव

**143.** शिशुः उपगङ्गम् उषितवान् – अत्र कति अव्ययपदानि सन्ति ?

[1] त्रीणि

[2] एकम्

[3] द्वे

[4] एकमपि नास्ति

**144.** इष् धातोः लोट्लकारस्य प्रथमपुरुषैकवचने किं रूपं स्यात् ?

[1] इष्यतु

[2] इच्छतु

[3] ऐच्छतु

[4] इच्छन्तु

**145.** 'राधा स्थाल्यां तण्डुलोदनं पचति' इत्यत्र केन सूत्रेण सिध्यति ?

[1] सप्तम्यधिकरणे

[2] यस्य च भावेन भावलक्षणम्

[3] षष्ठी चानादरे

[4] भुवः प्रभवः

**146.** 'ङीष्' प्रत्ययान्तः शब्दोऽस्ति –

[1] हसन्ती

[2] मालिनी

[3] किशोरी

[4] नर्तकी

**147.** 'गुरु से धन स्वीकार करो।' इत्यस्य वाक्यस्य संस्कृतानुवादः –

[1] गुरुणा धनं स्वीकरोतु।

[2] गुरुम् धनं स्वीकरोतु।

[3] गुरोः धनं स्वीकरोतु।

[4] गुरौ धनं स्वीकरोतु।

**148.** समुचितं विकल्पं चिनुत –

[1] ईषत्स्पृष्टम् – यण्

[2] ईषद् विवृतम् – अच्

[3] विवृतम् – शल्

[4] स्पृष्टम् – झल्

**149.** 'धिक्' इति अव्ययपदस्य अर्थः अस्ति –

[1] भर्त्सनम्

[2] शङ्का

[3] किञ्चित्

[4] अल्पः

**150.** क्रोधाद् भवति ………….. । रिक्तस्थानं पूरयतु –

[1] स्नेहः

[2] प्रेम

[3] सन्तोषः

[4] सम्मोहः

रफ कार्य के लिए **(FOR ROUGH WORK)**

6. प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पत्रक में निर्धारित खानों को काले बॉल प्वाइंट पैन से पूर्णतया भरना है, जैसा कि नीचे दिखाया गया है :

① ● ③ ④

आप द्वारा दिया गया उत्तर गलत माना जाएगा, यदि उत्तर वाले खाने को निम्न प्रकार से भरते हैं :



यदि एक से ज्यादा खानों को भर देते हैं तो आपका उत्तर गलत माना जाएगा।

6. Answers to questions in answer sheet are to be given by darkening complete circle using Black ball point pen as shown below :

① ● ③ ④

The answer will be treated wrong, if it is marked, as given below :



If you fill more than one circle it will be treated as a wrong answer.

7. रफ कार्य प्रश्न-पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें। (Rough work should be done only in the space provided in the Question Booklet for the same.)

8. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्रक पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक (सफेद फ्ल्यूड) का प्रयोग निषिद्ध है। (The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. Whitener (white fluid) is not allowed for changing answers.)

9. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से उचित विकल्प के लिए OMR उत्तर पत्रक पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह काले बॉल प्वाइंट पैन से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है। (Out of the four alternatives for each question, only one circle for the most appropriate answer is to be darkened completely with Black Ball Point Pen on the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not allowed to be changed.)

10. अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्रक को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें। (The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray mark on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.)

11. प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के क्रमांक में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) **दूसरी प्रश्न पुस्तिका सैट उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी।** (Handle the Question Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Question Booklet and Answer Sheet Serial No.), **another set of Question Booklet will not be provided**.)

12. प्रश्न-पुस्तिका/उत्तर पत्रक में दिए गए क्रमांक को अभ्यर्थी सही तरीके से हस्ताक्षर चार्ट में लिखें। (The candidates should write the correct Number as given in the Question Booklet/Answer Sheet in the Signature Chart.)

13. अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश पत्र और पहचान पत्र के अतिरिक्त किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है। (Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card and Identity Card inside the examination hall/room.)

14. पर्यवेक्षक द्वारा पूछे जाने पर प्रत्येक अभ्यर्थी अपना प्रवेश कार्ड (रोल नं०) और पहचान पत्र दिखाएँ। (Each candidate must show on demand his/her Admit Card (Roll No.) and identity card to the Invigilator.)

15. केन्द्र अधीक्षक या पर्यवेक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई अभ्यर्थी अपना स्थान न छोड़ें। (No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.)

16. कार्यरत पर्यवेक्षक को अपना उत्तर पत्रक दिए बिना एवं हस्ताक्षर चार्ट पर दोबारा हस्ताक्षर किए बिना अभ्यर्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी अभ्यर्थी ने दूसरी बार हस्ताक्षर चार्ट पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्रक नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **OMR उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान पर सभी अभ्यर्थियों द्वारा बायें हाथ के अंगूठे का निशान लगाया जाना है। अंगूठे का निशान लगाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि स्याही सही मात्रा में ही लगाई जाए अर्थात् स्याही की मात्रा न तो बहुत अधिक हो व न ही बहुत कम।** (The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and signing the Signature Chart twice. Cases where a candidate has not signed the Signature Chart second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **All candidates have to affix left hand thumb impression on the OMR answer sheet at the place specified which should be properly inked i.e. they should not be either over inked or dried in nature.**)

17. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है। (Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.)

18. परीक्षा हॉल में आचरण के लिए, अभ्यर्थी विवरणिका में दी गई प्रक्रिया/दिशा-निर्देश व बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों का विशेष ध्यान रखें। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा। (The candidates are governed by Guidelines/Procedure given in the Information Bulletin, all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.)

19. किसी हालत में प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक का कोई भाग अलग न करें। (No part of the Question Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.)

20. परीक्षा सम्पन्न होने पर, अभ्यर्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्रक कक्ष-पर्यवेक्षक को अवश्य सौंप दें। अभ्यर्थी अपने साथ इस प्रश्न-पुस्तिका को ले जा सकते हैं। (On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall. The candidates are allowed to take away this Question Booklet with them.)